HON. CHAIRPERSON: Hon. Members, the Matters under Rule 377 shall be laid on the Table of the House. Members, who have been permitted to raise matters under Rule 377 today and are desirous of laying them, may personally hand over slips at the Table of the House within 20 minutes.

Only those matters shall be treated as laid for which slips have been received at the Table within the stipulated time and the rest will be treated as lapsed.

Regarding deteriorating pollution condition and public transport system in Delhi- laid.

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी **(दक्षिण दिल्ली) :** मैं सरकार का ध्यान राजधानी दिल्ली में अत्यंत गंभीर स्थिति में पहुंच चुकी प्रदूषण की समस्या की ओर दिलाना चाहता हूं । राजधानी दिल्ली के लोग इस गंभीर स्थिति में जहरीली हवा में सांस लेने के लिए मजबूर हैं, जिससे लोग गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे हैं । हाल ही में हुए एक अध्ययन के अनुसार दिल्ली के प्रदूषण के कारण दिल्लीवासियों की उम्र के 12 वर्ष कम हो रहे हैं । दिल्ली का पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है । पिछले दस सालों से दिल्ली की सड़कों की न तो कोई मरम्मत की गई है और न ही नई सड़कें बनाई गई हैं । सड़कों की धूल प्रदूषण लगातार बढ़ा रही है । आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार पराली जलाने से किसानों को रोकने में पूरी तरह असफल रही है । केंद्र सरकार से अनुरोध है कि दिल्ली की जनता को इस भयंकर स्थिति से बाहर निकालने के लिए कदम उठाए ।